# शेरावाली मेरी नैया उस पार लगा देना लिरिक्स

शेरावाली मेरी नैया,
उस पार लगा देना,
अब तक तो निभाया है,
आगे भी निभा देना।bd।

तर्ज – भगवान मेरी नैया।

---

हम दीन दुखी निर्बल,
नित नाम रहे प्रतिपल,
यह सोच दरश दोगी,
मैया आज नही तो कल,
जो बाग़ लगाया है,
फूलों से सजा देना,
शेरावाली मेरी नईया,
उस पार लगा देना,
अब तक तो निभाया है,
आगे भी निभा देना।bd।

---

रोकोगे भला कब तक,
दर्शन को मुझे तुमसे,
चरणों से लिपट जाऊं,
वृक्षों से लता जैसे,
अब द्वार खड़ी तेरे,
मुझे राह दिखा देना,
शेरावाली मेरी नईया,
उस पार लगा देना,
अब तक तो निभाया है,
आगे भी निभा देना।bd।

---

तुम शांति सुधाकर हो,
तुम ज्ञान दिवाकर हो,
मम हँस चुगे मोती,
तुम मान सरोवर हो,
दो बूंद सुधारस की,
हमको भी पिला देना,
शेरावाली मेरी नईया,
उस पार लगा देना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अब तक तो निभाया है,
आगे भी निभा देना।**bd**।

मजधार पड़ी नैया,
डगमग डोले भव में,
आओ शेरोवाली,
हम ध्यान धरे मन में,
अब ‘तनवर’ करे विनती,
मुझे अपना बना लेना,
शेरावाली मेरी नईया,
उस पार लगा देना,
अब तक तो निभाया है,
आगे भी निभा देना।**bd**।

शेरावाली मेरी नैया,
उस पार लगा देना,
अब तक तो निभाया है,
आगे भी निभा देना।**bd**।

**Singer – Upasana Mehta**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com